## महत्वपूर्ण एवं खास

### फांसी के फंदे पर झूलती मिली प्रेमी जोड़े की लाश

» जांच में जूटी पुलिस, कारण अज्ञात

**जांजगीर-चांपा(आरएनएस)।** जिले के डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुहीपाली के एक घर के कमरे में प्रेमी जोड़े की फांसी के फंदे झूलती हुई लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मंच गया। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों ही प्रेमी युगल पिछले एक महिने से किराये के मकान में यहां रहते थे। युवक डभरा के तहसील कार्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य करता था। घटना के बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गई है। दोनों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पूर्व सरपंच को नक्सलियों ने मारी गोली

**बीजापुर(आरएनएस)।** जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चिहका गांव के पूर्व सरपंच बोटी लेकाम उम्र 55 वर्ष को घर से बाहर निकालकर नक्सलियों ने गोली मारकर घायल कर दिया है। घायल के जांघ एवं कमर में गोली लगी है। जिसका इलाज बीजापुर अस्पताल में चल रहा है। पूर्व सरपंच रह चुके बोटी लेकाम पर नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाते हुए जान से मारने का प्रयास किया है। लेकिन बोटी लेकाम की किस्मत अच्छी है कि गोली उसके जांघ और कमर में लगी है। घटना की पुष्टि आईजी बस्तर सुंदरराज पी एवं एसपी बीजापुर दिव्यांग पटेल ने किया है।

### मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल को पुष्पांजलि अर्पित करेगा निगम 31 को

**रायपुर(आरएनएस)।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के प्रभारी अधिकारी हेमंत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम संस्कृति विभाग ने राजधानी के कलेक्टोरेट गार्डन स्थित अविभाजित मध्यप्रदेष के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा के सामने दिनांक 31 को सुबह 10 बजे उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें ससम्मान नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा है।

### सिटी बस की चपेट में आने से मोपेड सवार की मौत, बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर(आरएनएस)।** तेज रफ्तार सिटी बस की चपेट में आने से मोपेड सवार की मौत हो गई। व पीछे बैठा व्यक्ति घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट खरोरा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बरतौरी पर धरसींवा निवासी हिमचंद साहू 30 वर्ष पिता विष्णुप्रसाद साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 29 दिसंबर को प्रार्थी का भाई मुकेश साहू 35 वर्ष पिता विष्णुप्रसाद साहू अपनी मोटरसाइकिल टीवीएस मोपेड में सवार होकर अपने दोस्त गोरेलाल साहू के साथ अपने ससुराल ईल्दा जा रहा था बंगोली के पास तेज रफ्तार सिटी बस क्रमांक सीजी 04 ई 3542 के चालक ने मृतक को अपनी चपेट में ले लिया जिसकी वजह से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं पीछा बैठा व्यक्ति घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियों और शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 1 जनवरी को

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम 19 जनवरी 2020 एवं शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम जिले में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु श्रीमती अंशिका पाण्डेय डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर की अध्यक्षता में जिला टॉस्क फोर्स की आवश्यक बैठक 1 जनवरी 2020 को समय 4.30 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीपत चौक सरकंडा बिलासपुर में आयोजित की गई है।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में 73 हजार से अधिक लोगों का इलाज

» प्रदेश के 1,369 शहरी स्लम्स में मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा निःशुल्क जांच, उपचार एवं दवा वितरण

» मलेरिया, एचआईव्ही, मधुमेह, एनिमिया, टीबी, कुष्ठ, उच्च रक्तचाप, नेत्र विकार व गर्भवती महिलाओं की जांच के साथ ही बच्चों का टीकाकरण



**रायपुर।** मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत पिछले तीन महीनों में 73 हजार से अधिक लोगों का इलाज किया गया है। प्रदेश के सभी 13 नगर निगमों के कुल एक हजार 369 स्लम्स में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल टीम ने पहुंचकर लोगों को निःशुल्क उपचार, चिकित्सा परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराई हैं। स्लम क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में मलेरिया, एचआईव्ही, मधुमेह, एनिमिया, टीबी, कुष्ठ, उच्च रक्तचाप, नेत्र विकार व गर्भवती महिलाओं की जांच के साथ ही बच्चों का टीकाकरण भी किया जा रहा है।

सभी लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और इसके सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य शासन द्वारा इस वर्ष 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना शुरू की गई है। शुरूआत से ही इस सुविधा को लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। स्लम क्षेत्रों में लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों में बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने पहुंच रहे हैं। प्रदेश के नगर निगम क्षेत्रों की एक हजार 567 स्लम्स में रहने वाली करीब 16 लाख आबादी को विद्यमान स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही इस योजना के जरिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराई जा रही है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत पिछले पिछले तीन महीनों अक्टूबर, नवम्बर और दिसम्बर में कोरबा नगर निगम में 17 हजार 684, रायपुर में 14 हजार 712, भिलाई में सात हजार 013, राजनांदगांव में छह हजार 977, अंबिकापुर में पांच हजार 688, दुर्ग में पांच हजार 594, रायगढ़ में चार हजार 656, जगदलपुर में तीन हजार 066, भिलाई-3-चरोदा में दो हजार 609, बीरगांव में दो हजार 222, धमतरी में एक हजार 676, बिलासपुर में एक हजार 402 और चिरमिरी नगर निगम में एक हजार 035 लोगों का निःशुल्क इलाज किया गया है। मोबाइल मेडिकल टीमों ने इस दौरान दुर्ग नगर निगम में 447, भिलाई में 320, कोरबा में 114, राजनांदगांव में 101, रायपुर में 83, अंबिकापुर में 67, भिलाई-3-चरोदा में 60, रायगढ़ में 54, चिरमिरी में 38, धमतरी में 28, बीरगांव में 27, जगदलपुर में 12 तथा बिलासपुर नगर निगम में 11 स्लम क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की जांच व उपचार कर निःशुल्क दवाईयां दी हैं। नगर निगम वाले 13 शहरों के स्लम क्षेत्रों में बीते तीन महीनों में कुल चार हजार 887 लोगों की मलेरिया जांच की गई है। शिविरों में छह हजार 618 लोगों के उच्च रक्तचाप, 19 हजार 274 लोगों की मधुमेह, 13 हजार 209 लोगों की रक्त-अल्पता (एनिमिया), दो हजार 123 लोगों के नेत्र विकार, 298 लोगों की टीबी, 347 लोगों की कुष्ठ और एक हजार 477 लोगों की एचआईव्ही जांच की गई। मोबाइल मेडिकल दलों ने इस दौरान दो हजार 910 गर्भवती महिलाओं की जांच और 104 शिशुओं का टीकाकरण किया है। डायरिया पीड़ित एक हजार 684 मरीजों का उपचार भी स्लम्स में आयोजित इन शिविरों में किया गया है।


## मुख्य सचिव ने वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग लेकर शासन की प्राथमिकता कार्यो में तेजी लाने के दिए निर्देश



**रायपुर(आरएनएस)।** मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के कलेक्टरों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला विपणन अधिकारियों, नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और खाद्य अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ, प्रथम सम्मेलन, मेयर का चयन, धान खरीदी और कस्टम मिलिंग, राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों का पालन, बस्तर संभाग में मलेरिया उन्मूलन अभियान सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने विशेष रूप से कलेक्टर और नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से कहा है कि शीतलहर और ठंड से बचाव के लिए रात के समय आमजन को राहत दिलाने अलाव जलाना प्रारंभ करें। शहरों में चल रहें रैन बसेरा और नाईट सेल्टर में कम्बल सहित अन्य गरम कपड़ों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सामुदायिक भवनों को भी रात के समय सुरक्षित तरीके से यात्रियों के लिए उपयोग किया जाए। रेल्वे स्टेशन, बस स्टेंड जैसे सार्वजनिक स्थान जहां रात में भी लोगों का आना जाना लगा रहता है वहां भी अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश मुख्य सचिव ने दिए है। मण्डल ने सभी शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था नियमित रूप से जारी रखने और लोक सेवा गारंटी अधिनियम का क्रियान्वयन गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश भी दिए है। राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य के सड़कों के किनारे के गांवों और वन क्षेत्रों में गौठानों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए मण्डल ने कहा कि धान कटाई का कार्य समाप्ति की ओर है। सभी गौठानों से लगे गांवों में पैरा-दान की प्रक्रिया गौठान समिति और जनभागीदारी से शुरू कर दी जाए। गौठान के पास ही दान में मिल रहे पैरा का संग्रहण किया जाए और इसे पशुओं एवं अन्य दुर्घटनाओं से बचाकर रखा जाए। आगामी 20 दिनों के भीतर राज्यों के सभी गौठानों में अधिक से अधिक मात्रा में पैरावट का संग्रहण सुनिश्चित किया जाए। जिसका इस्तेमाल गौठान में रह रहे पशुओं के चारे के रूप में किया जा सके। गौठानों को बहुउद्देशीय आर्थिक गतिविधियों के लिए केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए। जहां स्थानीय स्वसहायता समूहों के माध्यम से विभिन्न आर्थिक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। मण्डल ने सभी गौठानों में महिला एवं पुरूषों के लिए शौचालय का निर्माण करने के निर्देश दिए है। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ-प्रथम सम्मेलन के विषय में जानकारी देते हुए मण्डल ने बताया कि निर्धारित समयावधि में नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथग्रहण कराया जाना है।

## मुख्यमंत्री ने शीत लहर से बचाव के लिए कलेक्टरों और नगरीय निकायों को जरूरी इंतजाम करने के दिए निर्देश





**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में शीत लहर की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी जिला कलेक्टर एवं नगरीय निकायों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

ताकि प्रदेश की जनता को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। समस्त जिला कलेक्टर को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वयं महत्वपूर्ण स्थलों में अलाव जलाने की व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि रैन बसेरा ध्नाइट शेल्टर में पर्याप्त मात्रा में कंबल, चादर एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहे। प्रदेश में शीत लहर के कारण किसी प्रकार की जनहानि न हो। आवश्यकता पड़ने पर नए रैन बसेरा की व्यवस्था की जाए।

### बस्तर का पारा 9 डिग्री पहुंचा, बढ़ी ठंड

**जगदलपुर(आरएनएस)।** बस्तर संभाग में भी मौसम का बदलाव देखने को मिला है, कुछ जगहों पर छुट-पुट बारिश होने से ठंड अचानक बढ़ गई है। दो दिन पहले जहां पारा सामान्य से काफी ज्यादा चल रहा था, वहीं अब तापमान 09 डिग्री पर पहुंच गया है। दिन में तापमान जहां 25 डिग्री, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा, वहीं शाम को भी सामान्य से दो डिग्री पारा कम रहा। ऐसे में अब ठंड का एहसास होने लगा है। रात में घना कोहरा छाने के साथ ही विजिबिलिटी में भी असर पड़ रहा है। इधर सुबह करीब 07 बजे तक घना कोहरा छा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी हवाएं अब बस्तर पहुंचने लगी हैं। यही कारण है कि अब कंपकंपाने वाली ठंड शुरू हो गई है। हवा में नमी का प्रतिशत भी लगातार गिरता चला जा रहा है।

## विलुप्त होती जा रही है धान मिंजाई की परंपरागत तकनीक

» पशुधन और पारंपरिक खेती जैविक उत्पाद का आधार है



**जगदलपुर(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सहित बस्तर संभाग को भी धान का कटोरा कहा जाता है। बदलते समय के साथ धान की मिंजाई का परंपरागत तरीका विलुप्त होते जा रहा है। इसके स्थान पर आधुनिक मशीने ट्रेक्टर और थ्रेसर लेने लगी है। बस्तर संभाग में आज भी परंपरागत तरीके से धान का मिंजाई करने का यह तरीका जिसमें पशुधन से धान की मिंजाई की जाती है, अब सिर्फ बस्तर के गांवो में ही बची हुई है। पशुधन और परंपरागित खेती को बचाये बिना जैविक खेती की परिकल्पना नहीं की जा सकती है।

बस्तर संभाग के अधिकांश गांवों में खेती की पुरानी परंपरागत तरीके अब आधुनिकता की भेंट चढ़ चुके है। नयी तकनीकों ने कृषि में उत्पादन एवं सरलता को नये आयाम तो दिये ही हैं, लेकिन बस्तर संभाग के अंदरूनी गांवों में परंपरागत तरीके से धान की मिंजाई का कार्य आज भी किसान करते देखे जा सकते हैं। पशुधन के माध्यम से धान की मिंजाई का कार्य किया जाना जैविक कृषि के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिसे संरक्षित करने की दिशा में शासन को समुचित कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। बगैर पशुधन के जैविक कृषि की कल्पना नहीं की जा सकती है। ट्रैक्टर के प्रयोग ने गोवंश की उपयोगिता को खत्म किया तो वहीं धान मिंजाई में भी गोवंश का स्थान ट्रेक्टर और थ्रेसर ने ले लिया है। बस्तर संभाग में आज भी खेती की पुरानी परंपरागत तकनीक प्रचलित है। ट्रैक्टर की सुलभता के कारण हल से खेत की जुताई निंदाई के दृश्य तो अब कम ही दिखते है किन्तु गांवों में धान मिंजाई का काम अभी भी पशुधन के जरिये ही किया जाता है। बस्तर का जैविक उत्पाद बस्तर के नाम से देश ही नहीं विदेशों तक अपनी पहचान रखता है।

## कोयला उत्पादन टारगेट में एस ई सी एल पिछड़ा



**कोरबा(आरएनएस)।** कोयला उत्पादन टारगेट में एस ई सी एल लगभग दस मिलियन टन पीछे चल रहा है। इसकी भरपाई करने हेतु उत्पादन क्षमता प्रतिदिन बढ़ाए जाने पर प्रबंधन जोर दे रहा है। दीपका, कुसमुंडा व गेवरा खदान पर नजर टिक गई है। सी एम डी ए. पी. पंडा ने रविवार को एकाएक दीपका व कुसमुंडा खदान का दौरा कर उत्पादन बढ़ाए जाने पर जोर दिया। 15 दिवस के भीतर सीएमडी का यह दूसरा दौरा है।

सीआइएल की सभी अनुषांगिक कंपनी में एस ई सी एल में सर्वाधिक कोयला उत्पादन किया जाता है। पिछले वित्तीय वर्ष में 157 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया था। इस बार 13 मिलियन टन ज्यादा उत्पादन का टारगेट है, पर प्रत्येक दिन व मासिक उत्पादन टारगेट में एस ई सी एल अभी तक दस मिलियन टन पीछे है और इसकी भरपाई करने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। पिछड़ने की मुख्य वजह गेवरा व दीपका खदान है। दीपका में लीलागर नदी का पानी भरने से एक सप्ताह तक उत्पादन ठप रहा। इसके बाद उत्पादन प्रक्रिया धीरे.धीरे शुरू हुई और वर्तमान में 60 हजार टन कोयला उत्पादन हो रहा है, लेकिन उत्पादन बंद रहने से एसईसीएल पिछड़ गई।

### छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड व शीतलहर जारी, उत्तर पश्चिम क्षेत्र में हल्की बारिश की संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड व शीतलहर सोमवार को भी जारी रही, जिसका असर जनजीवन पर भी पड़ रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में शीत लहर की स्थिति को देखते हुए सभी जिलों के कलेक्टर एवं नगरीय निकायों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रदेश की जनता को किसी प्रकार की कोई असुविधा या जनहानि न हो। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अभी कड़ाके की ठंड जारी रहेगी, वहीं प्रदेश के उत्तर पश्चिम क्षेत्रों के जिलों में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की भी संभावना जतायी है। प्रदेश के प्रमुख शहरों का आज सुबह का न्यूनतम तापमान में कहीं-कहीं परिवर्तन हुआ है जो क्रमशः रायपुर में 11.5 डिग्री, अंबिकापुर 5.7, बिलासपुर 8.8, पेन्ड्रा रोड 5.7 एवं जगदलपुर 10.1 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अभी कड़ाके की ठंड जारी रहेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर सम्भव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सैद्धांतिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विद्वानों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन डिप्लोमा व डिग्रीधारियों की बैठक संपन्न

**रायपुर(आरएनएस)।** पतंजलि योग समिति युवा भारत जिला मुख्यालय के जिला प्रभारी अशोक जयसवाल के आह्वान में छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन के डिप्लोमा व डिग्री धारी शिक्षकों की बैठक गायत्री मंदिर परिसर में दिनांक 29/12/2019 दिन रविवार को संपन्न हुई।



बैठक में छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन के डिप्लोमा व डिग्री धारी समस्त सदस्यों को आमंत्रित किया गया जिसके मुख्य अतिथि राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुदर्शन पांडे द्वारा निम्न बिंदुओं पर चर्चा की जिसमें नियमित योग कक्षा संचालन करने, समस्त डिग्री व डिप्लोमा धारी योग साधकों महिला पुरुष दोनों वर्गो में दायित्व देने, वृक्षारोपण, सभी विद्यालयों व अस्पतालों में योग कराने, सभी धार्मिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु विस्तृत चर्चा की गई व योग से जुडे सेवाभावी सदस्यो को सम्मानीत किया गया।

इस बैठक में छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन डिप्लोमा व डिग्री धारी जिला संगठन का विस्तार करते हूए जिला अध्यक्ष गोपाल राजवाडे, उपाध्यक्ष श्रीमती रूबी चौधरी, महामंत्री दिलेष राजवाडे, सहसंगठन मंत्री शकुंतला देवांगन, मिडीया प्रभारी बालेन्द्र साहू, सह मिडीया प्रभारी तुलेष्वर राजवाडे व 10-10 कार्यकारी महिला-पुरूषो को सदस्य बनाया गया। 50 -60 योग शिक्षकों की उपस्थिति में यह बैठक संपन्न किया गया।

## माशिमं ने मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के लिए जारी की नई गाईड लाईन

» अब मुख्य परीक्षा के लिए उत्तरपुस्तिकाएं 32 पृष्ठ का होगा

» हायर सेकेण्डरी परीक्षा में गणित एवं भौतिक रसायन के लिए 40 पृष्ठ की होगी उत्तरपुस्तिका

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर ने मुख्य परीक्षा वर्ष 2020 के लिए होने वाली परीक्षा हेतु उत्तरपुस्तिकाएं के पृष्ठ को बढ़ाए जाने का फैसला किया है।

शिक्षा मंडल द्वारा लिए गए इस निर्णय के संबंध में मंडल के सचिव द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिसके अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वर्ष 2020 मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं 32 पृष्ठ का बनवाए जाने की निर्णय लिया गया है इसके अतिरिक्त हायर सेकेण्डरी परीक्षा में गणित एवं भौतिक शास्त्र के लिए 40 पृष्ठ की उत्तरपुस्तिकाएं छात्रों को प्रदान की जावेगी। गत वर्ष परीक्षा में छात्रों द्वारा लिखी गई उत्तरपुस्तिकाएं के परीक्षण उपरांत यह निर्णय लिया गया है। उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ में छात्रों के रोल नंबर, विषय एवं अन्य जानकारी तथा पृष्ठ दो पर निर्देश मुद्रित होंगे।